भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *221
जिसका उत्तर 7 अगस्त, 2024 को दिया जाना है ।
16 श्रावण, 1946 (शक)

सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र का विकास

***221. डॉ. प्रभा मल्लिकार्जुनः**

क्या **इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का सूचना प्रौद्योगिकी व्यवसाय को और आगे बढ़ाने के लिए कर्नाटक के दावणगेरे को एक नए सूचना प्रौद्योगिकी के केन्द्र के रूप में नामोद्दिष्ट करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने दावणगेरे की सड़क, रेल और विमान सेवा से अच्छी कनेक्टिविटी के दृष्टिगत, इसे सूचना प्रौद्योगिकी के केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि दावणगेरे में अधिशेष भूमि है और यहां 150 किलोमीटर की परिधि में 15 इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ-साथ उत्कृष्ट शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र भी मौजूद है जहां से हजारों प्रौद्योगिकी-कुशल स्नातक निकलते हैं और यहां पर जीवनयापन की लागत काफी कम है जिससे यह व्यवसायों के लिए आदर्श स्थल बन जाता है;
(घ) क्या सरकार की नवोन्मेष और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने, इंजीनियरिंग स्नातकों के शहरी पलायन को कम करने और बंगलौर में भीड़-भाड़ कम करने के लिए दावणगेरे को सूचना प्रौद्योगिकी के केन्द्र के रूप में नामोद्दिष्ट करने की कोई योजना है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री अश्विनी वैष्णव)

(क)से (ङ): एक विवरण-पत्र सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र के विकास के संबंध में दिनांक 07.08.2024 को लोक सभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न सं. *221 के उत्तर में उल्लिखित विवरण-पत्र

*****

(क) से (ङ): इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के अंतर्गत सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) नामक एक स्वायत्त संस्था ने दावणगेरे में एक केंद्र स्थापित किया है। दावणगेरे स्थित एसटीपीआई केंद्र स्थानीय आईटी/आईटी समर्थित सेवा ('आईटीईएस') उद्योग, स्टार्टअप और उद्यमियों को इनक्यूबेशन सेवाएं प्रदान कर रहा है। उच्च गति की डेटा संचार (एचएसडीसी) सेवाएं, नेटवर्क प्रचालन केंद्र (एनओसी), दोष मूल्यांकन और प्रसार परीक्षण (वीएपीटी), संवैधानिक सेवाएं आदि एसटीपीआई दावणगेरे केंद्र में उपलब्ध हैं।

*****